एयरपोर्ट पर महिला की हरकत देख नोरा फतेही को लगा शॉक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बीटाउन में दिलबर गर्ल का निकनेम पाने वाली नोरा फतेही की काफी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। इस वजह से वह जहां भी जाती है लोग उनके साथ सेल्फी लेने की गुजारिश करने लगते हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने जो विडियो शेयर किया उसमें सेल्फी के चक्कर में उनके साथ कुछ ऐसा होता दिख रहा है जिसके बाद नोरा के चेहरे से मुस्कान गायब होती दिखाई दी।

इंस्टाग्राम पर शेयर इस विडियो में नोरा फतेही अपने दोस्त स्टीवन रॉय थॉमस के साथ एयरपोर्ट के बाहर बातें करती दिखाई देती हैं। इस दौरान एक महिला उनके पास आती है और सेल्फी लेने की गुजारिश करने लगती है।

हालांकि इससे पहले की नोरा कुछ रिऐक्ट करें महिला उन्हें साइड करते हुए स्टीवन के साथ सेल्फी लेना शुरू कर देती है। यह देख नोरा शॉक में चली जाती हैं। यूं इग्नोर होने पर उनके चेहरे की हंसी भी गायब हो जाती है।

इसी दौरान पीछे से एक मेल फैन दौड़ता हुआ आता है और नोरा के साथ सेल्फी लेता है। शॉक लगने के बाद नोरा बड़ी मुश्किल से सेल्फी के लिए मुस्कुरा पाती हैं।

वीडियो की असलियत: यह वीडियो असल में एक प्लान्ड वीडियो है। दरअसल नोरा अक्सर स्टीवन के साथ छोटे-छोटे फनी विडियोज बनाकर शेयर करती रहती हैं। यही उन्होंने इस विडियो में भी किया है। इसमें स्टीवन के साथ सेल्फी लेने वाली महिला असल में मेकअप आर्टिस्ट है जो नोरा के साथ शूट पर गई थी।

मूवी देखने पहुंचीं सारा अली खान का हुआ एक्स बॉयफ्रेंड से सामना

सारा अली खान बीटाउन की ऐसी खूबसूरत अदाकारा हैं जिन्हें डेट करने का सपना कई लोग देखते हैं। हालांकि इस ऐक्ट्रेस ने सबके सामने यह माना है कि उन्होंने आज तक सिर्फ एक ही लड़के को डेट किया है, जिससे उनका कुछ समय पहले ब्रेकअप हो चुका है। अपने एक्स को पास्ट का हिस्सा बना चुकीं सारा का हाल ही में फिर से उससे सामना हुआ तो स्थिति बहुत ही अजीब सी हो गई।

जानकारी के मुताबिक, सारा अली खान जब स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 की स्क्रीनिंग में पहुंची थीं तो वहां पर उनके एक्स बीएफ वीर पहाड़िया भी शरीक होते दिखे थे। रिपोर्ट्स की मानें तो जब वीर बैठने के लिए जगह तलाश रहे थे तो उसी दौरान उनका सामना सारा से हुआ।

सारा ने भी वीर को देखा लेकिन दोनों ने हाय-हैलो तक नहीं किया, बल्कि ऐक्ट्रेस ने तो एक्स को देखकर मुंह ही फेर लिया। दोनों के यूं अचानक आमने-सामने आ जाने से उनके लिए स्थिति काफी असहज हो गई थी। बता दें कि, सारा और वीर का रिश्ता करीब दो साल चला था। ब्रेकअप के बाद सारा ने बताया था कि दोनों ने अच्छे नोट पर अपना रिश्ता खत्म किया है। उनके बीच किसी तरह की कोई गलतफहमी या गुस्सा नहीं है। वैसे आपको यह भी बता दें कि वीर पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे के नाती हैं और वह हाई प्रोफाइल लाइफ जीते हैं।

समंदर किनारे मस्ती करती नजर आ रही हैं मौनी

बॉलिवुड और टीवी जगत की खूबसूरत और फैशनेबल ऐक्ट्रेसेस में से मौनी रॉय अपनी कूल तस्वीरें पोस्ट करने के मामले में टॉप पर हैं। उन्होंने बीच के किनारे वाली अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी ऐसी कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिनमें वह हॉलिडे का आनंद उठाती नजर आ रही हैं। उन्होंने कुछ ऐसी तस्वीरें और विडियोज़ भी शेयर किए हैं जिसमें वह पूल में स्विमिंग करती नजर आ रही हैं।

क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अपने ग्लैमरस करियर की शुरुआत करने वाली मौनी दो सहेलियां, देवों के देव महादेव, नागिन 1, नागिन जैसे कई सीरियलों के अलावा कई टीवी शो में बतौर गेस्ट नजर आ चुकी हैं।

83 में रणवीर सिंह की पत्नी बनेंगी दीपिका

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के फैंस के लिए गुड न्यूज है। यह ऐसी खबर है जो कि हर किसी के चेहरे पर मुस्कान ले आएगी। पहले ऐसी रिपोर्ट्स आई थीं कि दीपिका का फिल्म 83 में कैमियो रोल होगा। अब लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका का फिल्म में न सिर्फ कैमियो बल्कि अच्छा रोल होगा। यही नहीं, वह कबीर खान के साथ फिल्म को को-प्रड्यूस भी करेंगी। बताया जा रहा है कि दीपिका फिल्म में कपिल देव यानी रणवीर सिंह की पत्नी के रोल में होंगी। चूंकि 83 कपिल देव और उनकी पत्नी रोमी भाटिया की लव स्टोरी पर भी फोकस करेगी, ऐसे में रणवीर-दीपिका के रोमांस करते हुए प्रॉपर सीन्स होंगे, खासकर इसमें दुख भरी एंडिंग नहीं होगी। फिल्म में ड्रामैटिक सीन भी होगा जिसमें कपिल की पत्नी स्टेडियम छोड़कर चली जाती हैं क्योंकि उन्हें ऐसा महसूस होता है कि इंडियन टीम मैच हार सकती है। हालांकि, बाद में जब टीम अच्छा खेलने लगती है, वह स्टेडियम में वापस आती हैं और अपनी सीट पर बैठ जाती हैं। बात करें दीपिका के फिल्म को को-प्रड्यूस करने की तो रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका और कबीर अच्छे दोस्त हैं और ऐक्ट्रेस को फिल्म की स्टोरी लाइन पसंद आई है। दीपिका को लगता है कि 83 सिर्फ स्पॉर्ट्स ड्रामा नहीं है बल्कि यह एक इमोशनल और इंस्पायरिंग स्टोरी भी है। शायद यह एक बड़ा कारण है कि वह फिल्म की को-प्रड्यूसर बन रही हैं। बता दें, 83 के अलावा मेघना गुलजार की छपाक को भी दीपिका प्रड्यूस कर रही हैं जो कि एसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल की ट्रू स्टोरी पर बेस्ड है।